Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** एमएस वर्ड डॉक्यूमेंट पर वॉटरमार्क अप्लाई करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सी सेटिंग प्रत्येक पेज पर इसके सटीक स्थान निर्धारण और साइज़ पर सबसे कम नियंत्रण प्रदान करती है?

**Ans**
✗ 1. कस्टम पिक्चर वॉटरमार्क इन्सर्ट करना तथा इसके स्केल और वॉश-आउट सेटिंग को एडजस्ट करना
✗ 2. विशिष्ट लेआउट ऑप्शन से कस्टम टेक्स्ट वॉटरमार्क इन्सर्ट करना
✓ 3. 'Watermark' गैलरी से पूर्वनिर्धारित वॉटरमार्क टेम्पलेट का उपयोग करना
✗ 4. ग्राफ़िक को हेडर या फ़ुटर के रूप में इन्सर्ट करना और उसे टेक्स्ट के पीछे रखना

**Q.2** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 2030 तक भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या के नगरीय क्षेत्रों में रहने की संभावना है?

**Ans**
✗ 1. 45%
✗ 2. 50%
✓ 3. 40%
✗ 4. 35%

**Q.3** अक्टूबर 2024 में किस रूसी शहर में 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (BRICS Summit) की मेजबानी की जाएगी?

**Ans**
✓ 1. कज़ान
✗ 2. सेंट पीटर्सबर्ग
✗ 3. मास्को
✗ 4. सोची

**Q.4** 74वें संविधान संशोधन, 1992 के प्रावधानों के अनुसार, ग्रामीण से शहरी में परिवर्तित होने वाले क्षेत्रों में शहरी शासन के लिए निम्नलिखित में से किस शब्द का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
✗ 1. विशेष आर्थिक क्षेत्र
✓ 2. नगर पंचायत
✗ 3. ब्लॉक विकास परिषद
✗ 4. जिला परिषद

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, स्वपोषी और विषमपोषी मोड दोनों प्रकार के पोषण प्रदर्शित करता है?

**Ans**
✗ 1. प्लैज्मोडियम (Plasmodium)
✗ 2. अमीबा (Amoeba)
✗ 3. पैरामीशियम (Paramecium)
✓ 4. यूग्लीना (Euglena)

Adda247

# Test Prime

*ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION*

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** भारत में न्यायिक समीक्षा को निम्नलिखित में से किसके रूप में माना जाता है?

**Ans**

✗ 1. न्यायपालिका की उस शक्ति के रूप में, जिसके द्वारा वह केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित कार्यकारी आदेशों के प्रज्ञान पर प्रश्न उठा सकती है

✓ 2. कानूनों और कार्यकारी आदेशों की संवैधानिकता पर निर्णय देने की न्यायपालिका की शक्ति के रूप में

✗ 3. विधायिकाओं द्वारा अधिनियमित किए गए कानूनों के प्रज्ञान पर प्रश्न उठाने की न्यायपालिका की शक्ति के रूप में

✗ 4. न्यायपालिका की उस शक्ति के रूप में, जिसके तहत वह राष्ट्रपति द्वारा अनुमत किए जाने से पहले सभी विधायी अधिनियमों की समीक्षा करती है

**Q.7** भारतीय नौसेना का हवाई स्टेशन INS बाज कहाँ स्थित है?

**Ans**

✗ 1. कार निकोबार द्वीप

✗ 2. लिटिल अंडमान द्वीप

✗ 3. मिनिकॉय द्वीप

✓ 4. ग्रेट निकोबार द्वीप

**Q.8** 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद, भारत ने बैंकिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव देखे। बैंकिंग क्षेत्र में किया गया एक प्रमुख सुधार क्या है?

**Ans**

✗ 1. सभी निजी बैंकों को समाप्त करना

✓ 2. ब्याज दरों का विनियमन

✗ 3. ब्याज दरों को स्थिर करना

✗ 4. SLR में वृद्धि

**Q.9** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 8 6 $ 4 * € 1 9 5 # 2 % 4 % © # 5 * 7 % * (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**

✗ 1. 1

✓ 2. 2

✗ 3. 3

✗ 4. 4

**Q.10** यदि 2.5 : 40.6 :: 40.6 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 659.344

✗ 2. 665.032

✗ 3. 655.425

✗ 4. 658.357

**Q.11** एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के किनारे चल रहे दो व्यक्तियों को ओवरटेक करती है। पहला व्यक्ति 12.6 km/hr की चाल से चल रहा है। दूसरा व्यक्ति 27 km/hr की चाल से चल रहा है। उन्हें ओवरटेक करने में रेलगाड़ी को क्रमशः 12.5 और 14 सेकंड लगते हैं। यदि दोनों व्यक्ति रेलगाड़ी की दिशा में ही चल रहे हैं, तो रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 154 km/hr

✗ 2. 142 km/hr

✗ 3. 143 km/hr

✓ 4. 147 km/hr

**Q.12** नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसकी अनुमति नहीं है?

**Ans**

✓ 1. दोहरी नागरिकता

✗ 2. पंजीकरण

✗ 3. नागरिकीकरण

✗ 4. वंश-आधारित नागरिकता

Adda247

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा, एक पूर्ण चक्र के दौरान ज्यावक्रीय तरंग सिग्नल के आकार का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
1. त्रिकोणीय तरंग ✗
2. आयताकार तरंग ✗
3. वर्ग तरंग ✗
4. S-आकार की तरंग ✓

**Q.14** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MPI KNG ILE GJC ?

**Ans**
1. EHA ✓
2. EHB ✗
3. EGB ✗
4. EGA ✗

**Q.15** दो संपूरक कोणों में से बड़ा कोण, छोटे कोण से 62° अधिक है। छोटा कोण (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 57° ✗
2. 59° ✓
3. 65° ✗
4. 68° ✗

**Q.16** एस. रामकृष्णन द्रव एवं तापीय विज्ञान अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र 2025 का प्राथमिक फोकस क्या है?

**Ans**
1. नवीकरणीय ऊर्जा और संधारणीयता ✗
2. कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग ✗
3. अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान तापीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति ✓
4. रोबोटिक्स और ऑटोमेशन ✗

**Q.17** मार्च 2025 में, 'आर्द्रभूमि का बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग (Wetland Wise Use)' के लिए रामसर पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

**Ans**
1. जयश्री वेंकटसन ✓
2. मेधा पाटकर ✗
3. सुनीता नारायण ✗
4. वंदना शिवा ✗

**Q.18** $\frac{96}{39}(91+26)-103$ को सरल कीजिए।

**Ans**
1. $10$ ✗
2. $185$ ✓
3. $88$ ✗
4. $9$ ✗

**Q.19** IMF की अप्रैल 2025 ग्लोबल फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट (Global Financial Stability Report) के अनुसार, 2025 के लिए IMF का संशोधित वैश्विक विकास पूर्वानुमान क्या है?

**Ans**
1. 2.8% ✓
2. 3.5% ✗
3. 2.9% ✗
4. 1.7% ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 ताप्ती नदी का उद्गम किस पर्वतमाला से होता है?

Ans
1. पश्चिमी घाट ✗
2. सतपुड़ा पर्वतमाला ✓
3. अरावली पर्वतमाला ✗
4. विंध्य पर्वतमाला ✗

Q.21 बिना रुके एक लोकल ट्रेन 88 km/hr की औसत चाल से चलती है, और रुकने के साथ, 24 km/hr की औसत चाल से चलती है। 528 km लंबे मार्ग पर रुकने के लिए लोकल ट्रेन द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) कितना है?

Ans
1. 10 ✗
2. 7 ✗
3. 25 ✗
4. 16 ✓

Q.22 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। S की परीक्षा मंगलवार को है। S और V के बीच केवल 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा P से ठीक पहले है और U की परीक्षा P के ठीक बाद है। T और R के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है। सोमवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
1. Q ✗
2. R ✓
3. P ✗
4. T ✗

Q.23 एक लंबवृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $5904\pi$ $cm^2$ है, तथा इसके आधार का व्यास 72 cm है। शंकु की ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 160 ✓
2. 158 ✗
3. 159 ✗
4. 162 ✗

Q.24 यदि दो संख्याओं a और b का अनुपात 5 : 3 है, तो (3a − 2b) : (6a + 2b) का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2 : 3 ✗
2. 1 : 3 ✗
3. 4 : 5 ✗
4. 1 : 4 ✓

Q.25 सात बॉक्स, D, E, F, G, S, T और U, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। D के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और U के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल G को T के ऊपर रखा गया है। E को F के नीचे किसी स्थान पर लेकिन S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। नीचे से दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
1. F ✗
2. U ✗
3. D ✗
4. S ✓

Q.26 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल A को C के ऊपर रखा गया है। केवल F को C और E के बीच रखा गया है। केवल B को G के नीचे रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 2 ✗
2. 4 ✗
3. 1 ✗
4. 3 ✓

Adda247

**Q.27** उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NJ-QM-TV
JF-MI-PR

Ans
1. GB-IE-LM
2. GB-ID-LM
3. FB-IE-LN ✔
4. FB-IE-LM

**Q.28** महेश ने साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर 4 वर्षों के लिए ₹14,000 की राशि उधार ली। यदि उसने x% वार्षिक ब्याज की दर पर अवधि के अंत में ब्याज के रूप में ₹3,500 भुगतान किया, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8.25
2. 6.25 ✔
3. 5.25
4. 7.25

**Q.29** $\frac{\sqrt{0.028224}}{\sqrt{0.000784}}$ को सरल कीजिए।

Ans
1. 6 ✔
2. 22
3. 24
4. 19

**Q.30** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FUSE' को '6482' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SORT' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 1
2. 6 ✔
3. 8
4. 3

**Q.31** ₹4,80,000 पर त्रैमासिक रूप से संयोजित होने वाली 20% वार्षिक ब्याज दर से 1 वर्ष में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans
1. ₹1,04,435
2. ₹1,03,443 ✔
3. ₹1,04,227
4. ₹1,04,200

**Q.32** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

127 ÷ 7 + 324 × 4 − 47 =?

Ans
1. 755
2. 795
3. 885
4. 855 ✔

Adda247

| Q.33 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? |
|---|---|
| | XCH RWB LQV FKP ? |
| Ans | ✔ 1. ZEJ<br>✘ 2. JZE<br>✘ 3. JEZ<br>✘ 4. ZJE |

Q.34 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| अंक | 12 | 22 | 58 | 79 | 89 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 98 | 74 | 17 | 28 | 44 |

Ans
✘ 1. 60
✘ 2. 22
✘ 3. 53
✔ 4. 38

Q.35 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MOVE' को '4826' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'IRON' को '1352' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। तो दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 4
✘ 3. 5
✘ 4. 8

Q.36 1991 में नई आर्थिक नीति के लागू होने के बाद भारत में औद्योगिक क्षेत्र से संबन्धित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

1. कई उद्योगों पर अनिवार्य लाइसेंसिंग समाप्त कर दी गई।
2. कई उद्योग जो केवल सरकार के लिए आरक्षित थे, उन्हें अनारक्षित कर दिया गया।
3. औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादित सभी वस्तुओं के लिए कोटा और मूल्य नियंत्रण था।

Ans
✔ 1. केवल 3
✘ 2. केवल 2
✘ 3. केवल 1 और 2
✘ 4. केवल 2 और 3

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. LK - KJ
✘ 2. HI - CD
✘ 3. PQ - KL
✘ 4. QR - LM

Q.38 महात्मा गांधी ने 1946 में नोआखली (Noakhali) की यात्रा क्यों की?

Ans
✔ 1. धार्मिक हिंसा के बाद सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए
✘ 2. बंगाल के अकाल पीड़ितों को सपोर्ट करने के लिए
✘ 3. ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए
✘ 4. भारत छोड़ो आंदोलन का आयोजन करने के लिए

Adda247

Q.39 एक सोफ़े का अंकित मूल्य ₹578 है, जो क्रय मूल्य से 34% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 10% है, तो छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
1. 15.83%
2. 17.91%
3. 20.61%
4. 21.84%

Q.40 प्रमुख उग्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक ने 'मराठा' नामक समाचार पत्र किस भाषा में लिखा था?

Ans
1. मराठी
2. हिंदी
3. अंग्रेजी
4. बंगाली

Q.41 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

# : MLI :: LKH : %

Ans
1. # = FRL, % = QHE
2. # = POL, % = IHE
3. # = FRL, % = QHE .
4. # = UIL, % = IXC

Q.42 अप्रैल 2025 में, भारत ने पारंपरिक रूप से रूसी हथियारों पर निर्भर देशों को कम लागत वाले ऋण देकर अपने रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने हेतु एक रणनीतिक पहल शुरू की। इन ऋणों को सुविधाजनक बनाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी भारतीय संस्था उत्तरदायी है?

Ans
1. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)
2. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)
3. भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक)
4. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी माजुली द्वीप बनाती है, जो दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है?

Ans
1. गंगा
2. ब्रह्मपुत्र
3. महानदी
4. गोदावरी

Q.44 एक द्विघात समीकरण $x^2 - 6x + k = 0$ द्वारा दिया गया है। k का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए समीकरण के वास्तविक मूल बराबर हों।

Ans
1. 7
2. 5
3. 11
4. 9

Q.45 निम्नलिखित में से किस परिदृश्य के कारण एमएस एक्सेल सूत्र (formula) में '#REF!' त्रुटि उत्पन्न होगी?

Ans
1. ऐसा सूत्र दर्ज करना जो एक्सेल में अधिकतम अनुमत लंबाई से अधिक हो
2. किसी ऐसे पंक्ति या स्तंभ को डिलीट करना जिसमें किसी अन्य वर्कशीट में सूत्र द्वारा संदर्भित सेल हैं
3. किसी गणितीय ऑपरेशन में टेक्स्ट वैल्यू वाले सेल को संदर्भित करना
4. किसी सेल में किसी संख्या को शून्य से विभाजित करने का प्रयास करना

Adda247

Q.46 किस अधिनियम ने शासन की शक्ति ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन को हस्तांतरित कर दी थी?

Ans
1. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
2. भारत सरकार अधिनियम, 1858
3. रेगुलेटिंग एक्ट, 1773
4. चार्टर एक्ट, 1833

Q.47 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, G के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E, B के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। D के बाईं ओर गिनने पर, D और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक भी नहीं
2. तीन
3. दो
4. चार

Q.48 निम्नलिखित संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

14, 16, 27, 31, 39, 44, 51 और 58

Ans
1. 33
2. 39
3. 35
4. 37

Q.49 F, G की बहन है। G, H का पति है। H, I की पुत्री है। I, J का पति है। F का J से क्या संबंध है?

Ans
1. पति की बहन
2. पुत्री के पति की माता
3. पति की माता
4. पुत्री के पति की बहन

Q.50 74वें संशोधन अधिनियम, 1992 ने शहरी स्थानीय निकायों को कौन-सी प्रमुख शक्ति प्रदान की?

Ans
1. शासन के लिए संवैधानिक रूपरेखा
2. राज्य नियंत्रण से पूर्ण स्वतंत्रता
3. राष्ट्रीय कानून बनाने का अधिकार
4. राज्य विधानमंडलों को नियंत्रित करने का अधिकार

Q.51 किसी वस्तु को ₹3,471 में बेचने पर अर्जित लाभ प्रतिशत, उसी वस्तु को ₹2,577 में बेचने पर होने वाले हानि प्रतिशत के बराबर है। 25% लाभ अर्जित करने के लिए वस्तु को किस कीमत पर (₹ में) बेचा जाना चाहिए?

Ans
1. 3,781
2. 3,780
3. 3,778
4. 3,783

Q.52 3.6 cm भुजा लंबाई वाले 731 धात्विक घन उपलब्ध हैं जिन्हें पिघलाकर 5.4 cm की आधार त्रिज्या वाले दो ठोस शंकुओं, जो अपने आधारों पर जुड़े हुए हैं, को मिलाकर एक मशीन भाग का निर्माण किया गया है। शंकुओं की ऊँचाई क्रमशः 49 cm और 35 cm है। दो शंकुओं के निर्माण के बाद कितने घन अतिरिक्त होंगे? ($\pi$ = 3.14 लें)

Ans
1. 680
2. 668
3. 666
4. 676

Adda247

Q.53 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

13, 43, 81, 27, 25, 28, 87, 57, 77, 89, 73

Ans
1. 56.5 ✗
2. 57.5 ✗
3. 57 ✓
4. 58 ✗

Q.54 एमएस वर्ड 2019 में Find and Replace फीचर (Ctrl + H) का उद्देश्य क्या है?

Ans
1. हाइपरलिंक डालना ✗
2. विशिष्ट टेक्स्ट को सर्च करना और उसे अन्य टेक्स्ट से बदलना ✓
3. पैराग्राफ स्पेसिंग को एडजस्ट करना ✗
4. सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट का फ़ॉन्ट बदलना ✗

Q.55 मार्च 2025 में, किस भारतीय राज्य में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग घायल हुए?

Ans
1. महाराष्ट्र ✓
2. राजस्थान ✗
3. उत्तर प्रदेश ✗
4. कर्नाटक ✗

Q.56 रेखाएँ $L_1$ और $L_2$ एक तिर्यक छेदी रेखा द्वारा काटी गई समांतर रेखाएँ हैं। यदि संगत कोणों में से एक का माप 75° है, तो दूसरे संगत कोण का माप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 85° ✗
2. 65° ✗
3. 75° ✓
4. 45° ✗

Q.57 ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के 2024 भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत का स्थान क्या है?

Ans
1. 96वां ✓
2. 93वां ✗
3. 98वां ✗
4. 95वां ✗

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा शेड्यूलिंग एल्गोरिदम कन्वॉय प्रभाव (convoy effect) के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है, जहां एक लंबे समय से चल रही प्रक्रिया अपने पीछे चल रही छोटी प्रक्रियाओं को अवरुद्ध कर देती है?

Ans
1. राउंड रोबिन ✗
2. सबसे छोटा काम पहले (SJF) ✗
3. प्राथमिकता निर्धारण (गैर-पूर्ववर्ती) ✗
4. पहले आओ, पहले पाओ (FCFS) ✓

Q.59 एक नल किसी टंकी को 18 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 24 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी आरंभ में खाली है और दोनों नल एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी का एक-चौथाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 18 ✓
2. 72 ✗
3. 36 ✗
4. 54 ✗

Q.60 यदि 'P' का अर्थ '÷' है, 'Q' का अर्थ '×' है, 'R' का अर्थ '+' है और 'S' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 38 होगा?

Ans
✔ 1. 32 P 8 S 30 R 16 Q 4
✗ 2. 32 Q 8 R 30 S 16 P 4
✗ 3. 32 R 8 S 30 Q 16 P 4
✗ 4. 32 S 8 R 30 Q 16 P 4

Q.61 4 से 6 अप्रैल 2025 तक, जर्मनी के रीसा में सैक्सन एरेना (SACHSENarena) में कौन-सा डार्ट्स टूर्नामेंट (darts tournament) आयोजित किया गया?

Ans
✗ 1. जर्मन डार्ट्स ग्रैंड प्रिक्स
✗ 2. यूरोपीय डार्ट्स ओपन
✔ 3. अंतर्राष्ट्रीय डार्ट्स ओपन
✗ 4. जर्मन डार्ट्स चैम्पियनशिप

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा शासक चन्द्रगुप्त का उत्तराधिकारी था, जिसने 297 और 273 ईसा पूर्व के बीच शासन किया?

Ans
✗ 1. संप्रति
✗ 2. अशोक
✔ 3. बिन्दुसार
✗ 4. देववर्मन

Q.63 उर्वशी की वर्तमान आयु का 2 गुना, आयुषी की वर्तमान आयु से 6 वर्ष अधिक है। मोहन की वर्तमान आयु, उर्वशी की वर्तमान आयु से 4 गुना है, तथा आयुषी, संजू से 8 वर्ष छोटी है। यदि मोहन और संजू की वर्तमान आयु का योग 50 वर्ष है, तो उर्वशी की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 14
✔ 2. 8
✗ 3. 7
✗ 4. 15

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. CG – ID
✗ 2. HL – NI
✗ 3. MQ – SN
✔ 4. TX – ZV

Q.65 संख्या 4917523 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर बनी नई संख्या में, निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 4
✔ 3. 3
✗ 4. 5

Q.66 मुकेश बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?
(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 1 km, पश्चिम की ओर
✗ 2. 2 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 2 km, पश्चिम की ओर
✔ 4. 1 km, पूर्व की ओर

**Q.67** विश्व भर में फीनॉल उत्पादन का प्राथमिक औद्योगिक प्रक्रम कौन-सा है और इस प्रक्रम में प्रयुक्त मध्यवर्ती क्या है?

**Ans**
- ✔ 1. क्यूमीन प्रक्रम, क्यूमीन हाइड्रोपरॉक्साइड
- ✘ 2. डाऊ प्रक्रम, टॉलूइन
- ✘ 3. हॉक प्रक्रम, बेंजीन
- ✘ 4. रैशिग प्रक्रम, क्लोरोबेंजीन

**Q.68** एक व्यक्ति को प्रति माह ₹4,900 वेतन मिलता है। वह हर महीने अपने वेतन का 17% बचाता है। उसका प्रति माह व्यय ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. ₹4,132
- ✘ 2. ₹3,972
- ✘ 3. ₹4,112
- ✔ 4. ₹4,067

**Q.69** राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन का फोकस क्या है?

**Ans**
- ✘ 1. तकनीकी वस्त्रों का आयात प्रतिस्थापन
- ✔ 2. तकनीकी वस्त्रों का विकास
- ✘ 3. फैशन परिधान उद्योग के लिए सब्सिडी प्रदान करना
- ✘ 4. पारंपरिक हथकरघा वस्त्रों को बढ़ावा देना

**Q.70** दिसंबर 2024 में, पूजा शर्मा को BBC की 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं में शामिल किया गया। वह किस उल्लेखनीय सामाजिक सेवा के लिए प्रसिद्ध हैं?

**Ans**
- ✘ 1. परित्यक्त पशुओं को बचाने
- ✔ 2. लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने
- ✘ 3. निःशुल्क भोजनालय चलाने
- ✘ 4. आदिवासी लड़कियों को शिक्षित करने

**Q.71** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 236 758 230 563 263 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 697 लीजिए - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक से घटाने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 5
- ✘ 2. 4
- ✘ 3. 7
- ✘ 4. 6

**Q.72** भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) में से एक इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेड (IIFL फाइनेंस) ने महिला दिवस (8 मार्च 2025) के अवसर पर अपनी कितनी मौजूदा शाखाओं को सभी महिला कर्मचारियों वाली 'शक्ति' शाखाओं के रूप में पुनः ब्रांडेड किया है?

**Ans**
- ✔ 1. सात
- ✘ 2. छह
- ✘ 3. पांच
- ✘ 4. आठ

Adda247

Q.73 एक टंकी के तल में एक होल है जिससे पानी रिस रहा है। एक नल टंकी को 8 घंटे में भर सकता है और तल का होल 12 घंटे में पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली कर सकता है। यदि नल और होल दोनों खुले हों, तो खाली टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. 36 घंटे
2. 24 घंटे
3. 44.7 घंटे
4. 30.9 घंटे

Q.74 राधे बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
1. 4 km, पश्चिम की ओर
2. 3 km, पश्चिम की ओर
3. 2 km, पश्चिम की ओर
4. 1 km, पश्चिम की ओर

Q.75 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

23 29 35 41 47 ?

Ans
1. 62
2. 65
3. 53
4. 59

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर IJF एक निश्चित तर्क के अनुसार PQM से संबंधित है। RSO उसी तर्क के अनुसार YZV से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए EFB दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. MNJ
2. MNK
3. LMI
4. LMJ

Q.77 M, N के व्युत्क्रमानुपाती है। यदि M, 18 है, तो N,10 है। यदि N = 9 है, तो M का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 22
2. 23
3. 21
4. 20

Q.78 भारत के ओडिशा के खंडगिरि में स्थित निम्नलिखित में से किस गुम्फा को चौबीस जैन तीर्थंकरों की नक्काशी के लिए जाना जाता है?

Ans
1. अंबिका गुम्फा
2. हाथी गुम्फा
3. त्रिशुल गुम्फा
4. बाराभुजी गुम्फा

Q.79 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

952 950 946 940 932 ?

Ans
1. 921
2. 918
3. 922
4. 919

Adda247

**Q.80** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'RIPE' को '5987' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FIRE' को '8751' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✗ 1. 5
✗ 2. 8
✓ 3. 1
✗ 4. 7

**Q.81** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी चाभी, दरवाजे हैं।
कुछ दरवाजे, अलमारी हैं।
सभी अलमारी, बड़ी हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चाभी, दरवाजे हैं।
(II) सभी दरवाजे, अलमारी हैं।

**Ans**
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.82** चार संख्याएँ क्रमशः 16 : 10 : 9 : 17 के अनुपात में हैं। यदि इन चार संख्याओं का योगफल 6292 है, तो पहली और तीसरी संख्या का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 3074
✗ 2. 3031
✗ 3. 3070
✓ 4. 3025

**Q.83** कृषि निर्यात और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए, सुधारों को कृषि क्षेत्र में भी लागू किया गया। निम्नलिखित में से किस पहल का उद्देश्य कृषि वस्तुओं के लिए एक निर्बाध राष्ट्रीय बाज़ार बनाना है?

**Ans**
✗ 1. APMC अधिनियम
✓ 2. e-नाम
✗ 3. किसान क्रेडिट कार्ड
✗ 4. PM-किसान

**Q.84** पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 128 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 186.5
✗ 2. 187.5
✗ 3. 206
✗ 4. 205

**Q.85** एमएस-पावरपॉइंट 2019 में कौन-सा फीचर आपको कंटेंट को मैन्युअल रूप से कॉपी किए बिना किसी अन्य प्रेजेंटेशन से स्लाइड का पुनः उपयोग करने की सुविधा देता है?

**Ans**
✗ 1. Slide Master
✗ 2. Animation Painter
✓ 3. Reuse Slides (Home टैब के अंतर्गत)
✗ 4. Format Painter

Adda247

**Q.86** दिल्ली जैसे शहरों में उच्च जनसंख्या घनत्व के कारण, रोजमर्रा की जिंदगी में क्या होता है?

**Ans**
✔ 1. पर्यावरण पर दबाव
✘ 2. भूमि की कीमतों में कमी
✘ 3. प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि
✘ 4. स्कूलों में नामांकन में कमी

**Q.87** उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KG-NJ-PR
MI-PL-RT

**Ans**
✔ 1. OK-RN-TV
✘ 2. PK-RN-TU
✘ 3. OK-RN-TU
✘ 4. PK-RM-TU

**Q.88** अपने एक प्रसिद्ध कार्य में, याह्या बिन अहमद सरहिंदी ने दावा किया है कि _____ के संस्थापक पैगंबर मुहम्मद के वंशज थे।

**Ans**
✔ 1. सैय्यद राजवंश
✘ 2. तुगलक राजवंश
✘ 3. गज़नवी राजवंश
✘ 4. गुरीद राजवंश

**Q.89** एक आदमी अपने मासिक वेतन का 75% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह ₹653 परिवहन पर और ₹6,229 किराने पर खर्च करता है और शेष ₹446 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है?

**Ans**
✘ 1. ₹29,230
✘ 2. ₹29,308
✘ 3. ₹29,251
✔ 4. ₹29,312

**Q.90** यदि संख्या 3154872 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से दूसरे तथा दायें से दूसरे अंक के मध्य क्या अंतर होगा?

**Ans**
✘ 1. 4
✘ 2. 7
✘ 3. 5
✔ 4. 6

**Q.91** 43 + [ 2 + { 55 - ( 28 ÷ 7 )} ÷ 3 ] का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ 1. 55
✔ 2. 62
✘ 3. 68
✘ 4. 65

**Q.92** 24 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 30 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि अथवा लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ 1. $\frac{50}{3}\%$ हानि
✔ 2. $25\%$ लाभ
✘ 3. $25\%$ हानि
✘ 4. $\frac{50}{3}\%$ लाभ

Adda247

Q.93 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के दाईं ओर से गिनने पर H और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, I के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. A
2. I
3. C
4. G ✔

Q.94 60 m ऊंची इमारत के शीर्ष से, एक लैंप पोस्ट के शीर्ष और तल के अवनमन कोण क्रमशः 30° और 60° हैं। लैंप पोस्ट की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $60\sqrt{3}$ m
2. $60$ m
3. $40$ m ✔
4. $40\sqrt{2}$ m

Q.95 दो धनात्मक संख्याओं के बीच 2880 का अंतर है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 6 होता है और शेषफल 120 होता है। दी गई दो संख्याओं में से बड़ी संख्या और 3916 का HCF कितना है?

Ans
1. 45
2. 48
3. 44 ✔
4. 42

Q.96 एक निश्चित तर्क के अनुसार 6, 42 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 4, 28 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 7, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
1. 38
2. 42
3. 49 ✔
4. 45

Q.97 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय, भारत के राष्ट्रपति को भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त किन अधिकारियों से परामर्श करना आवश्यक है?

Ans
1. स्थानीय जिला मजिस्ट्रेट
2. केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल
3. राज्य विधानमंडल के सदस्य
4. राज्य के राज्यपाल ✔

Q.98 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 194 932 446 225 493 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 697 लीजिए - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक और सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 17
2. 18 ✔
3. 16
4. 15

Adda247

Q.99 दिसंबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

Ans
1. न्यायमूर्ति एचएल दत्तू
2. न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी
3. वी रामसुब्रमण्यन ✔
4. अरुण मिश्रा

Q.100 कर्नाटक संगीत में कितने प्रमुख राग हैं?

Ans
1. 75
2. 72 ✔
3. 62
4. 70

Adda247